**प्रकीर्ण वाद संख्या** २०७/२०२० (एम.ए.सी.पी. सं. ४०६/२०१८)
श्रीमती मोहिनी देवी आदि बनाम अभिषेक कुमार आदि
**१२.०१.२०२१**

३बी प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण/याचीगण श्रीमती मोहिनी देवी, कु.प्रांजल, प्रियांशु नाबालिगान जरिए संरक्षिका माँ श्रीमती मोहिनी देवी, सुरेश कुमार एवं श्रीमती उमा देवी द्वारा इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि उपरोक्त याचिका में न्यायाधिकरण द्वारा दिनाँक २०.०८.२०२० को ₹ ११,९२,६६० मय ब्याज हेतु एवार्ड पारित किया गया है, जिसके अनुपालन में विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा प्रतिकर धनराशि मय ब्याज न्यायाधिकरण के सिंडीकेट बैंक शाखा गोविन्द चौराहा झाँसी में जमा कर दी है। अतः प्रार्थीगण ने याचना की है कि न्यायाधिकरण के आदेशानुसार उक्त जमाशुदा धनराशि उन्हें दिलाए जाने की कृपा की जाए। प्रार्थीगण ने प्रार्थनापत्र के समर्थन में प्रार्थिया श्रीमती मोहिनी देवी का शपथपत्र ४सी२, अपने-अपने आधार कार्ड व बैंक खाते की पासबुक की छाया प्रतियाँ दाखिल की गई हैं।

प्रार्थीगण मय विद्वान अधिवक्ता वर्चुअल न्यायालय में उपस्थित आये। प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता को सुना तथा एम.ए.सी.पी. सं. ४०६/२०१८ श्रीमती मोहिनी देवी आदि बनाम अभिषेक कुमार आदि व प्रस्तुत प्रकीर्ण वाद की पत्रावलियों एवं कार्यालय आख्या का अवलोकन किया गया। प्रार्थिया श्रीमती मोहिनी देवी ने अपने शपथपत्र में प्रार्थनापत्र के कथनों का समर्थन किया है तथा यह भी कथन किया है कि न्यायाधिकरण के आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में कोई अपील दायर नहीं की गयी है न ही कोई स्थगन आदेश है। मूल पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रस्तुत याचिका में न्यायाधिकरण द्वारा दिनाँक २०.०८.२०२० को ₹ ११,९२,६६० मय ७.५ प्रतिशत साधारण ब्याज, याचिका दायर करने की तिथि से वसूली की तिथि तक हेतु एवार्ड पारित किया गया है, जो प्रतिकर धनराशि याचीगण सं. १ लगायत ५ को क्रमशः ३०, २०, २०, १५ व १५ प्रतिशत के अनुपात में प्राप्त होनी है तथा याची सं. १, ४ एवं ५ को प्राप्त होने वाली प्रतिकर धनराशि में से ७५-७५ प्रतिशत भाग क्षतिपूर्ति धनराशि उनके नाम ३-३ वर्ष के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में सर्वोच्च ब्याज दर देने वाली सावधि जमा योजना में निवेशित होना है जिसका अर्द्धवार्षिक ब्याज वे अपने बैंक खाते में प्राप्त कर सकेंगे एवं शेष २५-२५ प्रतिशत भाग की प्रतिकर धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के जरिए उन्हें अपने बैंक खाते में नकद प्राप्त होनी है। याची सं. २ व ३ अवयस्कगण को प्राप्त होने वाली प्रतिकर की धनराशि उनके नाम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में सर्वोच्च ब्याज दर देने वाली सावधि जमा योजना में जमा की जानी है। कार्यालय आख्या के अनुसार चेक रजिस्टर में बीमा कम्पनी द्वारा मय ब्याज ₹ १३,७३,५२० जिसमें **₹ ३६,१७२ टी.डी.एस.** कटोती उपरान्त ₹ १३,३७,३४८ यू टी आर नं. ए एक्स आई एस सी १००५८७८५४२५ से दिनाँक १२.१०.२०२० को सिन्डीकेट बैंक, गोविन्द चौराहा झाँसी में जमा कर दिये हैं। अतः प्रार्थीगण जमाशुदा क्षतिपूर्ति धनराशि ₹ **१३,३७,३४८** मय अब तक अर्जित ब्याज को न्यायाधिकरण के उक्त निर्णय के प्रकाश में जरिये आर.टी.जी.एस./नेफ्ट उनके बैंक खाते में व जरिए एफ.डी.आर. के माध्यम से प्राप्त करने के अधिकारी है।

**आदेश**

प्रार्थीगण का प्रार्थनापत्र ३बी जमाशुदा क्षतिपूर्ति धनराशि ₹ **१३,३७,३४८ (तेरह लाख सेंतीस हजार तीन सौ अड़तालीस)** मय अब तक अर्जित ब्याज को न्यायाधिकरण के उक्त निर्णय के प्रकाश में प्रार्थीगण को दिलाए जाने हेतु, स्वीकार किया जाता है। तदनुसार सिंडीकेट/केनरा बैंक शाखा गोविन्द चौराहा, झांसी को आदेशित किया जाता है कि वह एम.ए.सी.पी. सं. ४०६/२०१८ (प्रकीर्ण वाद सं. २०७/२०२० श्रीमती मोहिनी आदि बनाम अभिषेक कुमार आदि) के प्रकरण में जमा उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि प्रार्थीगण को निम्न सारिणी के अनुसार को भुगतान कर दें:-

| Applicant/ Petitioner | Amount in ₹ | +(%of) Interest Accrued on Deposited Amount | Mode of Disbursment | Bank Account Number | Bank | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. Smt. Mohini Devi | 300903 | 22.5 | FD in any nationalizd bank carrying highest interest for 3 years. Half yearly interest shall be credited in her bank account | ___ | Any Nationalized Bank | ____ |
| 1. Smt. Mohini Devi | 100301 | 7.5 | Elect. Mode RTGS/NEFT | 92352010010534 | Syndicate Bank Govind Chauraha Jhansi | SYNB0009235 |
| 2. Kum. Pranjal | 267470 | 20 | FD in any nationalized bank carrying highest interest up to her majority through natural guardian/ mother Smt. | ___ | Any Nationalized Bank | ____ |

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2021.01.12 18:15:17 IST
Reason: PO
Location: MACT JHANSI

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Mohini Devi | | | |
| 3. Priyanshu | 267470 | 20 | FD in any nationalized bank carrying highest interest up to his majority through natural guardian/ mother Smt. Mohini Devi | ___ | Any Nationalized Bank | ____ |
| 4. Suresh Kumar | 150452 | 11.25 | FD in any nationalizd bank carrying highest interest for 3 years. Half yearly interest shall be credited in his bank account | ___ | Any Nationalized Bank | ____ |
| 4. Suresh Kumar | 50150 | 3.75 | Elect. Mode RTGS/NEFT | 92352010010515 | Syndicate Bank Govind Chauraha Jhansi | SYNB0009235 |
| 5. Smt. Uma Devi | 150452 | 11.25 | FD in any nationalizd bank carrying highest interest for 3 years. Half yearly interest shall be credited in her bank account | ___ | Any Nationalized Bank | ____ |
| 5. Smt. Uma Devi | 50150 | 3.75 | Elect.Mode RTGS/ NEFT | 92352010010520 | Syndicate Bank Govind Chauraha Jhansi | SYNB0009235 |
| Total | 1337348 | 100 | | | | |

तदनुसार अनुपालन आख्या तत्काल जरिये ई-मेल एवं वाट्सएप न्यायाधिकण को प्रेषित की जाय।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झाँसी